nt>

Title: Need to shift the Loco Shed at Nanded and re-establish it at Purna in Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परमनी) : उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्णा क्षेत्र से सात साल पूर्व रेलवे लोकोशेड को हटाकर उसे नांदेड़ में स्थापित कर दिया गया था जिसके कारण रेलवे को बहुत हानि हो रही है और इस लोकोशेड का कार्य भी अच्छा नहीं चल रहा है। मीटर गेज पर प्रयोग किये जाने वाले इंजन और रेलवे डिब्बों को इस लोकोशेड में नहीं ले जाया जा सकता है। साथ ही साथ सदन को यह भी बताना चाहूंगा कि पूर्णा में इस लोको शेड का ढांचा बहुत ही अच्छा है और इस क्षेत्र की रेलवे सेवाओं में प्रयोग किये जाने वाले इंजन और रेलवे डिब्बों की मरम्मत इत्यादि का कार्य बहुत अच्छे ढंग से किया जा सकता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि नांदेड़ लोकोशेड को पुनः पूर्णा क्षेत्र में स्थापित किया जाए जिससे रेलवे को नुकसान न हो एवं एक लोकोशेड के उद्देश्य को पूरा किया जा सके।